दिनांक : 11.10.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

पीएम– कृषि क्षेत्र परियोजनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में एक विशेष कृषि कार्यक्रम में कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों में 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं और योजनाओं का शुभारंभ, लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने 35 हजार करोड रूपये से अधिक की लागत वाली कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख पहलों, प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया।

यह कार्यक्रम किसान कल्याण, कृषि आत्मनिर्भरता और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में पाँच हजार 450 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने लगभग 815 करोड़ रुपये की अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।

.....................................

मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट 2025 का शुभारंभ करेंगे। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत विशेष रूप से सहभागिता करेंगे। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में 27 देशों के 100 से अधिक विदेशी टूर ऑपरेटरों, 150 घरेलू टूर ऑपरेटरों, 355 सेलर्स, फिल्म जगत से जुड़े प्रतिनिधि और मीडिया सहित कुल 700 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रतिभागियों से सीधे चर्चा करेंगे। पर्यटन विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर भी किये जायेंगे।

.....................................

जीएसटी सुधार– हिमाचल प्रदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने की 22 तारीख को जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी। इसका समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। इस संबंध में आज हम हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाले जीएसटी सुधारों पर जानकारी दे रहे है।

*नए जीएसटी सुधारों ने हिमाचल प्रदेश के किसानों और उद्योगों को जीएसटी में कटौती कर बढी राहत दी है। नई जीएसटी दरों के तहत राज्य में उत्पादित वस्तुओं जैसे काला जीरा और चुली तेल पर कर की दरें 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इस बदलाव से इन उत्पादों की खेती और प्रसंस्करण में लगे किसानों और ग्रामीण परिवारों को लाभ होगा। इसी तरह सेब की खेती करने वाले किसानों को भी पैकेजिंग सामग्री जैसे कार्टन और ट्रे पर कर की दरे घटने से फायदा होगा। जिससे फसल के मौसम में कुल खर्च कम होगा। औद्योगिक क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में काम करने वाले लगभग 20 हजार श्रमिकों को भी पांच प्रतिशत वाली नई जीएसटी दर से काफी लाभ होगा क्योंकि इससे उत्पादों की खुदरा कीमते कम होंगी। इसके अलावा कृषि उत्पादों पर जीएसटी में कमी से किसानों को अधिक समर्थन मिलेगा। ग्रामीण आजीविका मजबूत होगी और राज्य के औद्योगिक विकास को बढावा मिलेगा। सरकार के इस निर्णय से हिमाचल प्रदेश एक मजबूत बाजार के रूप में उभरेगा। ईशानी के साथ दृष्टि पुनियानी आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

.....................................

सर्वोच्च न्यायालय पटाखे

सर्वोच्च न्यायालय ने दिवाली में हरित पटाखों के उपयोग को अनुमति देने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने संबंधी अपने फैसले को सुरक्षित रखा। मुख्य न्यायाधीश न्यायामूर्ति बी.आर. गवई और न्यायामूर्ति के. विनोद चन्द्रन की खण्डपीठ ने कल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता से संबंधित मामले की सुनवाई की। इससे पहले, तीन अप्रैल को दो न्यायाधीशों की खण्डपीठ ने हरित पटाखों सहित सामान्य पटाखों पर एक वर्ष का प्रतिबंध लगाया था।

.....................................

पोलियो मुक्त

प्रदेश में 12 से 14 अक्टूबर तक 18 जिलों में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण संचालित किया जा रहा । इन जिलों में अनूपपुर, बैतूल, भिंड, भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, देवास, ग्वालियर, नर्मदापुरम, जबलपुर, कटनी, खंडवा, खरगौन, मंडला, मंदसौर, मुरैना, नरसिंहपुर एवं नीमच शामिल है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि "पोलियो मुक्त भारत" हमारी सामूहिक जागरूकता और जनसहभागिता का परिणाम है।

.....................................

मौसम

मध्य प्रदेश के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान में कमी देखी जा रही हैं। हालांकि आज राजधानी भोपाल में सुबह बादल छाए रहे। कल शाजापुर के गिरवर में न्यूनतम तापमान 14 दशमलव 3 तक पहुंच गया। इसके अलावा राजगढ़, सिहोर, इंदौर में तापमान 14 डिग्री सेल्सियस तक रहा। जो की समान्य से 3 से 4 डिग्री कम हैं।

.....................................

## अब कुछ समाचार संक्षेप में

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में "विकासशील क्षितिजः डिजिटल दुनिया में वाणिज्यिक और मध्यस्थता कानून में जटिलता और नवाचार को नेविगेट करना" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह और कार्यक्रम में भाग लिया।
- छिंदवाड़ा ज़िले के परासिया में कोल्ड्रिफ कफ सिरप से हुई 22 लोगों की मौत के मामले में, श्रीसन फार्मा कंपनी के डायरेक्टर गोविंदम रंगनाथन को तमिलनाडु से गिरफ्तार कर पुलिस ने कल देर शाम परासिया कोर्ट में पेश किया।
- पन्ना जिले की पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने बताया कि सायबर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 02 सक्रिय सदस्यों को झारखण्ड से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 8 लाख 50 हजार रूपये नकद और अन्य सामान जब्त किया गया है।
- नई दिल्ली में वेस्टइंडीज के साथ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन आज भारत पहली पारी में अंतिम समाचार मिलने तक .... विकेट के नुकसान पर ..... रन बनाकर खेल रहा है। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 175 रनों का योगदान दिया।

.....................................